ORANGE GLOBAL OLYMPIAD

# GRADE 3

## हिंदी

## School Level Examination (SLE) 2025

SUBJECT CODE | 6 | 0 | 1 |

**Total Questions:** 30 **Total Marks:** 30 **Time:** 1 Hour

## जब तक निर्देश न दिया जाए, इस पुस्तिका को न खोलें।

- **O.M.R. उत्तर-पत्रक** पर अपना **नाम**, **कक्षा**, **रोल नंबर** और अन्य आवश्यक विवरण सावधानीपूर्वक भरें।
- **केवल HB पेंसिल** का उपयोग करके O.M.R. उत्तर-पत्रक भरें।
- सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं और प्रत्येक प्रश्न **एक अंक** का है।
- केवल **O.M.R. उत्तर-पत्रक** का मूल्यांकन किया जाएगा।
- गलत उत्तरों के लिए कोई **नकारात्मक अंक नहीं** है।
- प्रश्न-पत्र के **अंतिम पृष्ठ** का उपयोग **रफ़ कार्य** के लिए किया जा सकता है।
- कैलकुलेटर, स्मार्ट वॉच या मोबाइल फ़ोन जैसे **डिजिटल उपकरणों** की **अनुमति नहीं** है।
- परीक्षा समाप्त होने के बाद, **O.M.R. उत्तर-पत्रक** और **प्रश्न-पत्र** दोनों पर्यवेक्षक को जमा करें।



OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-3_Set-1 new typing.indd 1 7/8/2025 12:46:57 PM

**निर्देश : इस प्रश्न-पत्र में 30 बहुविकल्पी प्रश्न हैं। इनमें से प्रत्येक के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।**

## खंड ( क ) : कौशल एवं दक्षता आधारित प्रश्न

**1. कौन-सा वर्ण स्वर वर्ण है?**

(A) ऐ (B) ढ़

(C) फ (D) न

**2. ‘र् + इ + त् + इ + क् + आ’ वर्णों के मेल से बना सही शब्द है–**

(A) रीतिका (B) ऋतिका

(C) रितिका (D) ऋतीका

**3. कौन-सा उदाहरण मौखिक भाषा का नहीं है?**

(A) फ़ोन पर बात करना (B) ई-मेल भेजना

(C) भाषण देना (D) गाना सुनना

**4. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द संज्ञा नहीं है?**

(A) मीठा (B) नारियल

(C) दिल्ली (D) डाकघर

**5. कौन-सा शब्द ‘तरु’ शब्द का पर्याय है?**

(A) टहनी (B) डाली

(C) विटप (D) जड़



**6. ‘विदुषी ने कविता लिखी।’ इस वाक्य में क्रिया है–**

(A) विदुषी (B) ने

(C) कविता (D) लिखी

**7. ‘मूर्ख’ शब्द का विलोम है–**

(A) बुद्धि (B) मूर्खता

(C) होशियार (D) बुद्धिमान

8. ‘जल में रहने वाला’ वाक्यांश के लिए एक शब्द है–

(A) थलचर (B) जलचर

(C) नभचर (D) इनमें सभी



9. ‘नौकर’ शब्द का स्त्रीलिंग रूप है–

(A) नौकरी (B) नौकराइन

(C) नौकराइनी (D) नौकरानी

10. कौन-सा शब्द विशेषण है?

(A) खिड़की (B) जानवर

(C) सुंदर (D) लिखना

11. ‘सारे ………………… खोल दो ताकि ताज़ी हवा आ सके।’ वाक्य के रिक्त स्थान के लिए सही शब्द चुनिए।

(A) दरवाज़े (B) दरवाज़ों

(C) दरवज्जा (D) दरवाज़ा

12. ‘उनचास’ शब्द का अंकों में लिखा सही रूप है–

(A) 39 (B) 59

(C) 49 (D) 29

13. ‘33’ अंक का शब्दों में लिखा सही रूप है–

(A) तेरह (B) तैंतीस


(C) तिरपन (D) तैंतालीस

14. ‘………………… कहाँ के रहने वाले हैं?’ वाक्य के रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त सर्वनाम है–


(A) तुम (B) मेरा

(C) उसके (D) आप


15. **इनमें से कौन-सी सब्ज़ी जड़वाली नहीं है?**

(A) 


गाजर

(B) 

मूली

(C) 

कटहल

(D) 

चुकंदर

16. **कौन-सा वाक्य शुद्ध है?**

(A) अविनाश ने पुस्तक पढ़ा।

(B) मेरी बात मान लो तो अच्छा है।

(C) आज बारिश हुआ है।

(D) कल दिल्ली मैं गया था।

17. **'घुटने टेकना' मुहावरे का सही अर्थ है–**

(A) ललचा जाना

(B) बहुत शोर करना

(C) छिपा हुआ गुणी

(D) हार मान लेना

18. **इनमें से कौन-सा जानवर अपने कूबड़ में पानी को जमा करके रख सकता है?**

(A) ऊँट

(B) साँड़

(C) हाथी

(D) घोड़ा



OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-3_Set-1 new typing.indd 4 7/8/2025 12:47:00 PM


19. **कौन-सा वाक्य अशुद्ध है?**


(A) तुम्हारा नाम क्या है?
(B) तरुणा की बहन के नाम आशिमा है।
(C) वह बाज़ार गया था।
(D) पवन से चला नहीं जाता।

20. **इनमें से किस फल के बीज फल के अंदर न होकर बाहर होते हैं?**

(A)

आम

(B)

सेब

(C)

अनार

(D)

स्ट्रॉबेरी

21. **वर्तनी की दृष्टि से कौन-सा शब्द अशुद्ध है?**

(A) प्रथ्वी
(B) सैनिक
(C) हैरान
(D) गृहकार्य

22. **'बड़ों का ………………… करो।' वाक्य के रिक्त स्थान के लिए सही शब्द चुनिए।**

(A) समान
(B) सामान
(C) सम्मान
(D) साम्मान

23. **'अमर ने फूल …………………।' वाक्य के रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त क्रिया है–**

(A) जोड़ा
(B) तोड़ा
(C) मोड़ा
(D) इनमें सभी

**निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 24 तथा 25 के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**




दिल्ली में हर साल पुस्तक मेला लगता है। इसमें अनेक देशी तथा विदेशी प्रकाशक शामिल होते हैं। यहाँ बच्चे, बड़े तथा बुजुर्ग सभी की पसंद की पुस्तकें मिलती हैं। साथ ही प्रकाशक पुस्तकों की खरीद पर आकर्षक छूट भी देते हैं। यहाँ सब कुछ काफ़ी व्यवस्थित होता है। बड़े-बड़े हॉल्स में पुस्तकों की खरीद-बिक्री का इंतज़ाम किया जाता है। पुस्तकों को काफ़ी अच्छी तरह से प्रदर्शित किया जाता है। लोग सुविधाजनक तरीके से देख-परखकर पुस्तकें खरीदते हैं। मैं भी हर साल इस मेले में अपनी माँ और पिता जी के साथ ज़रूर जाता हूँ तथा अच्छी-अच्छी पुस्तकें खरीदकर लाता हूँ।

**24. प्रकाशक पुस्तकों की खरीद पर क्या देते हैं?**

(A) इनाम (B) छूट

(C) उपहार (D) किताबें

**25. पुस्तकों की खरीद-बिक्री का इंतज़ाम कहाँ पर किया जाता है?**

(A) मैदान में (B) हॉल्स में

(C) घरों में (D) विद्यालय में



OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-3_Set-1 new typing.indd 6 7/8/2025 12:47:01 PM

## खंड ( ख ) : उच्चस्तरीय चिंतन कौशल आधारित प्रश्न

**26. इनमें से कौन-सा शब्द विसर्ग का गलत उदाहरण है?**

(A) स्वतः (B) प्रातः

(C) पूर्णतः (D) बाढ़ः

**27. इनमें से बेमेल शब्द है–**

(A) ऊँटनी (B) श्रीमान

(C) बुढ़िया (D) वधू



**28. कौन-सा शब्द 'बाग' शब्द का पर्याय नहीं है?**

(A) सरोवर (B) वाटिका

(C) उद्यान (D) बगीचा

**29. किस वाक्य का रेखांकित पद विशेषण नहीं है?**

(A) कोयल मीठा गाती है। (B) रंजन ने काला कोट पहना है।

(C) टोकरी में हरी सब्ज़ियाँ रखी हैं। (D) पलक मेधावी छात्रा है।

**30. 'फूला न समाना', इस मुहावरे का सही प्रयोग किस वाक्य में हुआ है?**

(A) डर के मारे श्रेया फूली नहीं समाई।

(B) परीक्षा में प्रथम आने पर अनुज फूला नहीं समाया।

(C) अपना गृहकार्य करने में हमें फूला नहीं समाना चाहिए।

(D) माँ ने अमन को जब दवाई पिलाई, तो वह फूला न समाया।

## SPACE FOR ROUGH WORK